# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में स्वास्थ सेवा चल रही राम भरोसे

**जिम्मेदार कौन** अल्ट्रासाउंड मशीनों को चलाने वाले डाक्टर तक नहीं

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ। सीमांत तहसील क्षेत्र डीडीहाट के सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में स्वास्थ सेवा लड़खडानें लगी है। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में स्वास्थ सेवा राम भरोसे चल रही है। वही जानकारी के मुताबिक स्वास्थ कें‍न्द्र में अल्ट्रसाउंड मशीनों को चलाने वाले डाक्टर तक नही है। वही जो मशीनें काम की है वे मशीने पड़ी–पड़ी धूल फांक रही है।

आलम यह है कि सीमांत तहसील की दस हजार आबादी को सरकारी स्वास्थ सेवा के नाम पर छला जा रहा है। स्वास्थ केंन्द्र में इलाज के लिए दूर दराज से आने वाले बीमार मरीजों को ऐसे हालातों में जिला मुख्यालय के अस्पताल में मजबूरी में आना पड़ रहा है। वही सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में जनेरिक दवाओं का भी



टोटा है। क्षेत्र में लंबे समय से बाल चिकित्सक व महिला चिकित्सक का पद खाली पड़ा हुआ है।

वहीं दस हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में चिकित्सकों की कमी मरीजों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। वही बीमार मरीजों को इलाज कराने केलिए 40 किमी दूर जिला मुख्यालय आने को विवश होना पड़ रहा है। बता दें कि क्षेत्र के लोगों में अस्पताल की बदहाली को लेकर खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र



स्वास्थ सेवाओं में सुधार नही किया गया तो वे लोग आंदोलन करने को बाध्य होगे। वही अल्ट्सांड मशीने भी बिना डाक्टर के चलाने वाला कोई भी मौजूद नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने लच्चर हो चुकी स्वास्थ सेवाओं को लेकर खासा आक्रोश जताया है।

क्षेत्र के लोगों ने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौपा है। लोगों ने यथाशीघ्र क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र में स्वास्थ सेवा चाकचौबंध करने की मांग की है।

## न्यूज डायरी :

### आफिससर्स एनडीए एकेडमी के स्टाफ पर एक और मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** देहरादून। बच्चों को एनडीए करवाने के नाम पर अभिभावकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में प्रेमनगर थाना पुलिस ने प्रेमनगर स्थित आफिसर्स एनडीए एकेडमी के स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे पहले एकेडमी स्टाफ के खिलाफ मार्च महीने में भी एक मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी सुनील हरीशचंद्र घुरेड़ ने पुलिस महानिदेशक को शिकायत दी थी कि आफिसर एनडीए एकेडमी के स्टाफ प्रदीप सिंह, विक्रांत चौधरी व नेहा मान ने उनसे बेटे के दाखिले से पूर्व झूठ बोला। स्टाफ ने बताया था कि सहस्रधारा रोड स्थित ब्लू माउंटेन स्कूल एकेडमी की संपत्ति है और दाखिले के बाद उनके बेटे की पूरी ट्रेनिंग व शिक्षा इसी परिसर में होगी।

### राष्ट्रीय प्रवेश और छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करेगा विद्यामंदिर क्लासेज

**संवाददाता** देहरादून। देश में कोविड मामलों के चलते, जेईई और नीट की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना नेशनल एडमिशन टेस्ट (एनएटी) 9, 10, 16 और 17 अप्रैल को ऑनलाइन मोड से आयोजित कराने जा रही है। जबकि सरकार ने ऑफलाइन स्कूलों को अगली सूचना तक बंद करने का आदेश जारी किया है, लेकिन निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यक्रम जारी रखा है, इसके चलते यह ऑनलाइन परीक्षा जेईई और नीट उम्मीदवारों को उनकी तैयारी यात्रा के दौरान मेंटरशिप, मुफ्त संदेह समाधान और हैंड होल्डिंग सपोर्ट के साथ एक बड़ा बढ़ावा प्रदान करेगी। यह टेस्ट छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को विद्यामंदिर क्लासेज के अप्रैल 2022 से शुरू होने वाले बैचों के विभिन्न कोर्सों के साथ जुड़ने का अवसर देगी।

### छोटे स्थानीय स्टोर्स के डिजिटाईजेशन को गति देना एमेजॉन का मुख्य उद्देश्य

**संवाददाता** हरिद्वार।एमेजॉन इंडिया ने घोषणा की कि यह इस साल 18 और 19 मई को 'एमेजॉन संभव' के तीसरे संस्करण की मेजबानी करेगा। यह दो दिवसीय वर्चुअल मेगा समिट नीति निर्माताओं, प्रतिष्ठित औद्योगिक लीडर्स, समाधान प्रदाताओं, स्टार्टअप्स एवं एमेजॉन नेतृत्व को भारत में लाखों छोटे स्थानीय स्टोर्स व व्यवसायों की आर्थिक प्रगति और डिजिटाईजेशन संभव बनाने के लिए टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल करने के सर्वश्रेष्ठ तरीकों पर वार्ता करने के लिए एक मंच पर लाएगी। इस समिट में सोशल एम्पॉवरमेंट एंड इनेबलमेंट फॉर इंक्लुसिव इकॉनॉमिक ग्रोथ, इनोवेटिंग फॉर इंडिया एंड क्रिएटिंग डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित रहते हुए।

## सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करें

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत लंबित आवेदनों के संबंध में बैठक की। बैठक में समस्त जिलाधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि निवेश राज्य के लिए बेहद जरूरी है और निवेश बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। निवेशकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक 15 दिन में जनपद स्तर पर लंबित आवेदनों की मॉनिटरिंग करें साथ ही शासन स्तर पर संबंधित सचिव इसकी मॉनिटरिंग करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि प्राप्त आवेदनों को टाइम बाउंड करते हुए समय से निस्तारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी सामंजस्य से कार्य करें।

मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग,आबकारी विभाग के अलावा जिलाधिकारी हरिद्वार व जिलाधिकारी उधमसिंह नगर को निर्देश दिए कि उनके स्तर पर लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए इन आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन, महानिदेशक उद्योग रणवीर सिंह चौहान सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


पत्रांक :– 12/ दरें आमंत्रण /कोटेशन/2022–23 दिनांकः– 06 अप्रैल, 2022

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त निर्दिष्ट अनुदान धनराशि से खाड़ी रोड, पर कूड़ा स्थल/कूड़ा निस्तारण भूमि पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, 2016 के तहत अजैविक कूड़े हेतु जाले बनवाने का कार्य किये जाने हेतु दिनांक 13/04/2022 का अपराह्न समय अपराह्न 02:00 बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन समिति के समक्ष सांय 04:00 बजे खोली जायेंगी। उपरोक्त कार्य किये जाने हेतु पंजीकृत फर्में (पैन एवं जी0एस0टी0 पंजीकरण संरव्या होनी अनिवार्य है) ही डाल सकेंगी। समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताते स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य का विवरण इस प्रकार है :–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | खाड़ी रोड, गजा में कूड़ा निस्तारण भूमि पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, 2016 के तहत अजैविक कूड़े को निस्तारण/सेग्रीगेशन हेतु 05 लोहे की जाली 8X8 फुट (कम्पलीट फिक्सिंग सहित) बनवाने का कार्य। |

(सुशील बहुगणा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गजा
टिहरी गढ़वाल।

(मीना खाती)
अध्यक्ष
नगर पंचायत गजा
टिहरी गढ़वाल।


## भाजपा की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाएंगे

**संवाददाता** अल्मोड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से पार्टी का 42वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बुधवार को भाजपा पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष रवि रौतेला ने ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां पहुंची है, अपने समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत है। छह अप्रैल 1980 से शुरू हुआ यह सफर आज एक वृहद रूप ले चुका है। 1984 में दो सांसदों वाली पार्टी आज दो–तिहाई बहुमत से काबिज है। 1300 से अधिक विधायकों भाजपा के



विभिन्न राज्यों में हैं। आज हर कोई भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाह रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि अभी कई मुद्दों पर कार्य किया जाना है। जिससे हर किसी को सामाजिक न्याय मिल सके। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर परा नरेश वर्मा, बंसीलाल कक्कड़, रणजीत सिंह भंडारी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ललित लटवाल, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल कैलाश गुरुरानी, महेश नयाल, महिपाल बिष्ट, विनीत बिष्ट, नरेंद्र प्रसाद, किरन पन्त, अर्जुन बिष्ट, पूनम पालीवाल, राहुल वोहरा, रेखा आर्य, निशा बिष्ट, गीता जोशी, तुषारकान्त साह, मदन बिष्ट, हरीश रावत, गोविद मटेला, धर्मेंद्र बिष्ट आदि लोग उपस्थित थे।

इधर सोमेश्वर में कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर भाजपा पार्टी संस्थापकों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजेंद्र कैड़ा, चंदन बिष्ट, भुवन जोशी, लाल सिंह बजेठा, कुंदन गोस्वामी, कैलाश बोरा, प्रकाश भंडारी, जयंत कैड़ा, राकेश पांडे, योगेश, केवला नंद जोशी, दीवान सिंह, विजय बोरा, कमल कैड़ा, भास्कर जोशी, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

## मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड का फर्स्ट लुक आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। हिमालयन बज़ द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड का फर्स्ट लुक आज अशोका स्पा एंड रिसॉर्ट्स, क्लेमेंट टाउन में आयोजित किया गया। मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड के फाइनल राउंड के लिए कुल 20 लड़के और 20 लड़कियां प्रतिभागियों का चयन किया गया था। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के कई जिलों से आये प्रतिभागियों के साथ साथ दिल्ली और मुंबई में रहने वाले उत्तराखसवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, हिमालयन बज़ के निदेशक, गौरवेश्वर सिंह ने कहा, आज तक, लोग फैशन और मॉडलिंग को एक मनोरंजन गतिविधि के रूप में मानते आये हैं। लेकिन वर्तमान में, मॉडलिंग उद्योग को एक संरचित प्रारूप मिल रहा है और इस प्रकार हमें उद्योग में अधिक पेशेवरों की आवश्यकता है। इस तरह की प्रतियोगिताएं आकांक्षी मॉडलों को अपना करियर बनाने में मदद करती हैं। साथ ही इस अवसर पर मिस उत्तराखंड 2021 शालिनी डोभाल, मॉडल विष्णु मल्होत्रा और मिस्टर उत्तराखंड 2021 आयुष सहगल भी मौजूद रहे।